माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 1412/ /बी0एड0/MSU/2024–25 दिनांक: 04-12-24

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध बी0एड0 अल्पसंख्यक महाविद्यालय

विषय – अल्पसंख्यक महाविद्यालय में प्रवेश हेतु सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि आप अवगत है कि उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 द्वारा प्रवेशित छात्रों की परीक्षा सम्बन्धित कार्यवाही की जानी है।

इस सम्बन्ध में अवगत करना है कि जिन बी0एड0 अल्पसंख्यक महाविद्यालयों द्वारा बी0एड0 पाठ्यक्रम में अल्पसंख्यक के अन्तर्गत छात्रों का प्रवेश किया गया है वह महाविद्यालय उन समस्त छात्रों का डाटा (हाईस्कूल प्रमाण–पत्र, इण्टरमीडिएट प्रमाण पत्र, स्नातक प्रमाण–पत्र, बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 का प्रवेश–पत्र, संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 का स्कोर कॉर्ड) दिनांक : 09.12.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिन महाविद्यालयों द्वारा उक्त तिथि तक डाटा उपलब्ध नहीं कराया जायेगा, ऐसी स्थिति में यह माना लिया जायेगा कि सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा बी0एड0 पाठ्यक्रम में अल्पसंख्यक के अन्तर्गत किसी छात्र का प्रवेश नहीं किया गया है। जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

उपकुलसचिव